हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, शनिवार, 21 दिसंबर 2024


## कल 'क़ुरआन का पैग़ाम इंसानों के नाम' पर व्याख्यानमाला

**नागपुर.** जमाअत ए इस्लामी हिंद नार्थ वेस्ट के तत्वावधान में रविवार 22 को सुबह 11:15 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक झींगाबाई टाकली के आविष्कार कॉलोनी, सेंट मैरी स्कूल के पास, , दारुस्सलाम ऑडिटोरियम हॉल में "क़ुरआन का पैग़ाम इंसानों के नाम" पर व्याख्यान माला का आयोजन किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में अशोक राठी (टेक्सटाइल इंजीनियर, स्कालर, पुस्तक प्रेमी) , आर जे तेजल (रेडियो जॉकी, थिएटर आर्टिस्ट, ट्रेनर), तेजंदर सिंह रावल (सी.ए., ट्रस्टी - इंडिया पीस सेंटर) , रिज़वानुर्रहमान ख़ान (पूर्व अध्यक्ष जेआईएच महाराष्ट्र) भाग लेंगे। आयोजनकर्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति का अनुरोध किया है। महिलाओं के बैठने की पृथक व्यवस्था की गई है । यह जानकारी जेआईएच नागपूर के मीडिया प्रभारी डॉ एम ए रशीद ने दी है।

# लाडली बहन योजना में बजट प्रावधान के बाद देंगे 2100

### > विधानसभा में मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा

**नागपुर.**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना की दिसंबर की राशि विधानमंडल का अधिवेशन समाप्त होते ही जारी कर दी जाएगी। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के जवाब में फडणवीस ने कहा कि




बारे में संदेह न किया जाए। लाडली बहन योजना में नई शर्तें लागू करने की बातें निराधार हैं। ऐसा कुछ नहीं किया जाएगा कि लाभार्थियों को योजना से वंचित होना पड़े, लेकिन जिन लोगों ने योजना का गलत तरीके से लाभ लेने का प्रयास किया है, उनकी पहचान कर उन्हें लाभ से वंचित किया जाएगा। फिलहाल लाडली बहनों को दिसंबर की राशि 1500 रुपए ही मिलेगी। बजट प्रावधान के बाद यह राशि 2100 रुपए की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि आर्थिक आधार पर योजना लागू की गई है। जिस परिवार की वार्षिक आय ढाई लाख रुपए से कम है, उस परिवार की 21 से 65 वर्ष की महिला इस योजना की लाभार्थी हो सकती हैं। योजना के तहत अब तक लाभार्थियों को 5 माह के 7500 रुपए मिले हैं।

### कुछ ने खुलवाए 4-4 खाते

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, लाडली बहन योजना के लिए कोई नया नियम नहीं है। सभी लाभार्थियों के बैंक खातों में रुपए डाले जा रहे हैं, लेकिन प्राथमिक तौर से ध्यान में आया है कि कुछ लोगों ने 4-4 खाते खोले हैं। समाज में अच्छे और बुरी प्रवृत्ति के लोग भी रहते हैं। किसी योजना का गलत तरीके से इस्तेमाल हो रहा हो तो उसे रोकना भी आवश्यक है। योजना में जनता का पैसा ही है। ध्यान में आया है कि एक व्यक्ति ने 9 खाते खुलवाए। उसे लाडली बहन कैसे मान सकते हैं। बहन के रुपए पर हाथ मारने वाला भाई कैसे हो सकता है?

## लूटपाट करने वाला अपराधी गिरफ्तार

**नागपुर.** चाकू की नोक पर जबरदस्ती लोगों के घर में घुसकर लूटपाट करने वाले अपराधी को पारडी पुलिस की टीम ने नागरिकों की मदद से पकडकर गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी निलेश सुधाकर पुरुषोत्तमवार (33) रविंद्र नगर वार्ड, बल्लारपुर जिला चंद्रपुर निवासी बताया जा रहा है. उसकी निशानदेही लूटपाट की ऐसी पांच वारदातों का खुलासा हुआ है। जानकारी के अनुसार प्लाट नंबर 39,दुर्गा नगर पारडी में फरियादी धनंजय गणेश पांडे 16 दिसंबर की दोपहर करीब 3:30 बजे अपने घर में परिवार सहित मौजूद थे। इस दौरान आरोपी निलेश जबरदस्ती उनके घर में घुसा और चाकू का डर दिखाकर जबरदस्ती धनंजय की जेब से 3270 रुपए छीन लिए। हालांकि इस दौरान परिवार के चीखने चिलाने के चलते आसपास के लोग जमा हो गए और उन्होंने निलेश को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी और बाद में उसे पुलिस के हवाले किया।

# शिवसेना ने संजय राउत के खिलाफ की सख्त कार्रवाई की मांग

### > उबाठा नेता पर अपमानजनक टिप्पणी का आरोप



**नागपुर.** शिवसेना नागपुर शहर प्रमुख धीरज भाऊ फंडी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने तहसील पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संदीप बुवा से मुलाकात की और उबाल्टा समूह के नेता संजय राउत के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। यह आरोप है कि राउत ने अपनी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना के प्रमुख नेता एकनाथजी शिंदे के खिलाफ असंवैधानिक शब्द "नमरद" का इस्तेमाल किया। इस मामले को लेकर शिवसेना ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत संजय राउत के खिलाफ मामला दर्ज करने का आग्रह किया। शिवसेना के अन्य पदाधिकारी, जैसे कि सह संपर्क प्रमुख गुलामभाई पोथियावाला, उप जिला प्रमुख गणेश डोईफोडे, शहर संगठक प्रमुख नरेश मोहाडीकर, युवा सेना विधानसभा संगठक साहिल जैन, और अन्य वरिष्ठ नेता इस रिपोर्ट के दौरान पुलिस स्टेशन में मौजूद थे। शिवसेना ने कहा कि यह टिप्पणी न केवल शिवसेना के प्रमुख नेता के प्रति अपमानजनक है, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति और शिंदे के नेतृत्व का भी अपमान है। अब यह देखना होगा कि पुलिस इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करती है।




# ब्राइट फ्यूचर लिटिल चैंप्स स्कूल का वार्षिक स्नेह सम्मेलन संपन्न

**नागपुर.2**

ब्राइट फ्यूचर लिटिल चैंप्स स्कूल की दो शाखाओं-स्वागत नगर, हुडकेश्वर रोड और आशीर्वाद नगर – का वार्षिक स्नेह सम्मेलन राजलक्ष्मी सभागृह, आशीर्वाद नगर में बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कृष्णा आर. शिवहरे (एसोसिएट एकेडेमिक डायरेक्टर, माउंट लिट्रा जी स्कूल और ऑर्चिड इंटरनेशनल स्कूल), डॉ. सय्यद इलियास (फाउंडर एंड डायरेक्टर, डब्ल्यूएचसी रिसर्च सेंटर), अजय आर. बुग्गेवार (वाइस प्रेसिडेंट, बीजेपी नागपुर साउथ जोन), और बिट्टो शैक्षणिक संस्था के अध्यक्ष रियाज शेख एवं संचालक शाइस्ता शेख उपस्थित रहे। मुख्याध्यापिकाएं ममता खतवार (स्वागत नगर शाखा) और निलोफर अनिस खान (आशीर्वाद नगर शाखा) ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत दिनियात और संस्कृत विषयों के प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण से हुई। नन्हें कलाकारों ने स्वागत गीत पर नृत्य कर अतिथियों का मनोरंजन किया। इसके अलावा, कव्वाली और "विविधता में एकता" पर आधारित नाटक ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों ने अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, गीतों और नृत्यों के जरिए कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार वितरित किए गए। शबाना शेख और रेहाना शेख (एजुकेशनल सोसाइटी की सेक्रेटरी) ने शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ को एप्रीसिएशन टोकन प्रदान किए। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। निलोफर खान ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी से हुई 8.24 लाख की ठगी

**नागपुर.** साइबर अपराधियों ने इमाम वाड़ा पुलिस थाना अंतर्गत एक सेवा निवृत बैंक अधिकारी को 824772 रुपए का चूना लगा दिया। इमामवाड़ा पुलिस थाने के चंदन नगर में फरियादी मिलिंद कुमार धर्मदास गणवीर (67) परिवार सहित रहते हैं. वह सेंट्रल बैंक आफ इंडिया की छिंदवाड़ा शाखा से सेवानिवृत अधिकारी हैं। 16 दिसंबर की सुबह करीब 11:30 के दौरान मिलिंद कुमार अपने घर पर मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने आइसीआइसीआइ बैंक में खाता खोलने के लिए ऑनलाइन गूगल पर कस्टमर केयर का नंबर प्राप्त किया। गूगल से मिले नंबर क्रमांक 9775744039 व 9817357986 पर उन्होंने संपर्क कर खाता खोलने के बारे में जानकारी हासिल की. बाद में इन मोबाइल क्रमांक के आरोपियों ने मिलिंद कुमार को विश्वास में लेकर एक लिंक भेजी और उसमें उनके बैंक खाते से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी अपलोड करने के लिए कहा.



**नागपुर. कैबिनेट मंत्री जयकुमार रावल ने दीक्षाभूमि स्थित भारतरत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर स्मारक पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान डॉ. राजेंद्र गवई, विलास गजघाटे, नारायण पाटिल, बबन चौधरी, डी. एस. गिरासे, बंटी नगराले सहित कई प्रमुख व्यक्ति उपस्थित थे। रावल ने भगवान गौतम बुद्ध की मूर्ति को भी नमन किया।**


## लूटपाट करने वाला अपराधी गिरफ्तार

**नागपुर.** चाकू की नोक पर जबरदस्ती लोगों के घर में घुसकर लूटपाट करने वाले अपराधी को पारडी पुलिस की टीम ने नागरिकों की मदद से पकडकर गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपी निलेश सुधाकर पुरुषोत्तमवार (33) रविंद्र नगर वार्ड, बल्लारपुर जिला चंद्रपुर निवासी बताया जा रहा है. उसकी निशानदेही लूटपाट की ऐसी पांच वारदातों का खुलासा हुआ है। जानकारी के अनुसार प्लाट नंबर 39,दुर्गा नगर पारडी में फरियादी धनंजय गणेश पांडे 16 दिसंबर की दोपहर करीब 3:30 बजे अपने घर में परिवार सहित मौजूद थे। इस दौरान आरोपी निलेश जबरदस्ती उनके घर में घुसा और चाकू का डर दिखाकर जबरदस्ती धनंजय की जेब से 3270 रुपए छीन लिए। हालांकि इस दौरान परिवार के चीखने चिलाने के चलते आसपास के लोग जमा हो गए और उन्होंने निलेश को पकड़कर उसकी जमकर पिटाई कर दी और बाद में उसे पुलिस के हवाले किया।


# परभणी प्रकरण और बीड मामलों में होगी न्यायालयीन और एसआईटी जांच

### >पीड़ितों को 10 लाख की सहायता

**नागपुर.** बीड जिले के बहुचर्चित हत्या पकरण की न्यायालयीन व एसआईटी जांच की जायेगी। परभणी की घटना की भी न्यायालयीन जांच के आदेश दिए गए हैं। दोनों घटनों में पीड़ित परिवारों को 10-10 लाख रुपये की सहायता राज्य सरकार देगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने जानकारी दी। शुक्रवार को विधानसभा में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि बीड व परभणी की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। सरकार ने दोनों घटनाओं की गंभीर दखल ली है। बीड में सरपंच संतोश देशमुख की हत्या और परभणी में सोमनाथ सूर्यवंशी की मृत्यु हुई। दोनों के परिवार को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। बीड के प्रकरण की जांच की जा रही है।



जिला पुलिस अधीक्षक का तबादला कर दिया गया है। प्रकरण में दोषियों पर मकोका के अंतर्गत कार्रवाई और भूमाफिया, रेत माफिया व अन्य अवैध कारोबारियों के अलावा अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। परभणी के पुलिस अधिकारी अशोक घोरबांड को निलंबित कर उनकी इस प्रकरण में भूमिका की जांच की जाएगी। बीड व परभणी प्रकरण को लेकर विधानसभा में अल्पकालीन चर्चा में सदस्यों ने विविध प्रश्न उठाए थे।

भारतीय संविधान का अपमान सभी भारतीयों का अपमान है। अपमान को सहन नहीं किया जाएगा। परभणी में मनोरोगी ने कृत्य किया। मेडिकल रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ है कि आरोपी मनोरोगी है। इसलिए ऐसे प्रकरण में राजनीति कर समाज में तनाव फैलाने का कोई भी प्रयास न करें। इस प्रकरण में कोबिंग आपरेशन नहीं हुआ है। परभणी में सकल हिंदू समाज का मोर्चा सर्वदलीय था। मोर्चा में बांग्लादेश के हिंदू के संदर्भ में मांग की गई थी। हिंदू विरुद्ध दलित दंगा नहीं हुआ है। परभणी में उपद्रव व तोडफोड में दुकान, वाहन व सरकारी कार्यालय का नुकसान हुआ है। बीड में आवाडा ग्रीन एनर्जी कंपनी में निवेश किया गया। कुछ लोगों का दबाव था कि उन्हें या तो कंपनी के काम दिए जाए या हफ्ता दिया जाए। इस प्रकरण में कोई मास्टरमाइंड होगा तो उसपर भी कार्रवाई होगी। प्रकरण में मकोका के अंतर्गत कार्रवाई होगी।

# 'लोकराज्य' प्रदर्शनी को जबरदस्त प्रतिसाद

### > ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के दुर्लभ अंक बने आकर्षण का केंद्र

**नागपुर.** विधानभवन परिसर में सूचना एवं जनसंपर्क महासंचालनालय, नागपुर-अमरावती विभागीय निदेशक कार्यालय द्वारा आयोजित "लोकराज्य" के दुर्लभ अंकों की प्रदर्शनी को विधानमंडल सत्र में शामिल होने वाले जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, मीडियाकर्मियों और आम जनता से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। सत्र के पांचवें दिन तक इस प्रदर्शनी को तीन हजार से अधिक आगंतुकों ने देखा।

इस प्रदर्शनी का उद्घाटन 16 दिसंबर को सूचना एवं जनसंपर्क महासंचालनालय के प्रधान सचिव एवं महासंचालक ब्रिजेश सिंह द्वारा किया गया। उद्घाटन के पहले ही दिन प्रदर्शनी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। दुर्लभ अंकों की आकर्षक प्रस्तुति और सेल्फी पॉइंट खास आकर्षण का केंद्र बने।




प्रदर्शनी में राज्य मंत्री एडवोकेट आशीष जायसवाल, विधायक प्रवीण दरेकर, चित्रा वाघ, अमोल मिटकरी, बाबूसिंह राठौड़, अबू आजमी, श्रीजया चव्हाण, सुहास बाबर और देवराव भोंगळे जैसे जनप्रतिनिधियों ने पहले दिन ही हिस्सा लिया। साथ ही मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव विकास खारगे, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव इकबालसिंह चहल, वन विभाग के उप सचिव विवेक होशिंग और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

प्रदर्शनी में आए आगंतुकों ने विभिन्न अंकों का अवलोकन कर अपनी प्रतिक्रिया दर्ज की। प्रतिक्रिया देने वालों में विधायक चित्रा वाघ, ज्ञानेश्वर म्हात्रे, प्रवीण स्वामी, पूर्व विधायक प्रकाश गजबिए, विधानसभा निरीक्षक रविंद्र महाडिक और वरिष्ठ संपादक प्रकाश पोहरे सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

प्रदर्शनी में 1964 से प्रकाशित "लोकराज्य" के विशेष अंक प्रदर्शित किए गए हैं। इनमें संत ज्ञानेश्वर और कै. श्रीपाद कृष्ण कोल्हटकर की जन्मशताब्दी पर प्रकाशित अंक, मराठी संगीत रंगभूमि, डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, महात्मा फुले, छत्रपति शाहू महाराज, यशवंतराव चव्हाण, मराठवाड़ा विकास और सांस्कृतिक अंक, स्वतंत्रता दिवस विशेषांक और महाराष्ट्र के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धरोहर से जुड़े अंक शामिल हैं।

यह प्रदर्शनी अधिवेशन के दौरान प्रतिदिन सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक सभी के लिए खुली है।

## संजय राऊत की सुरक्षा बढ़ाने की मांग

**नागपुर.** शिवसेना (उद्धव बाळ ठाकरे गट) के नेता आदित्य ठाकरे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से खासदार संजय राऊत की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। आदित्य ठाकरे ने यह भी कहा कि संजय राऊत के घर की हाल ही में दो युवकों ने रेकी की थी, जिनकी मोटरसाइकिल से घर के बाहर आकर नजरें घुमाई थीं। आदित्य ठाकरे ने इस मामले में पुलिस से इन दोनों युवकों की जल्दी गिरफ्तारी करने की अपील की और कहा कि यह जानने की आवश्यकता है कि वे किस उद्देश्य से राऊत के घर के पास आए थे। आदित्य ठाकरे ने मुख्यमंत्री से कहा कि संजय राऊत के घर के बाहर और उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा में तुरंत वृद्धि की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हाल के दिनों में कानून-व्यवस्था बिगड़ी है और कई घटनाएं घटी हैं, जिससे संजय राऊत की सुरक्षा पर सवाल उठते हैं। आदित्य ठाकरे ने मुख्यमंत्री फडणवीस से यह भी कहा कि आगामी वर्षों में कई और मुलाकातें होंगी, और यह समय की मांग है कि सत्ताधारी और विपक्ष एक साथ मिलकर ऐसी घटनाओं के समाधान के लिए कदम उठाएं।

# बंटी शेलके का विधान भवन पर हल्लाबोल

### > सरकार को दी चेतावनी

**नागपुर.** दिव्यांग, सफाई कर्मचारी, बेरोजगारी, आरटीओ अवैध वसूली और बढ़ती महंगाई जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए आज नागपुर में भव्य विधानसभा घेराव आयोजित किया गया। इस आंदोलन का नेतृत्व भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और नगरसेवक बंटी शेळके ने किया।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी, दिव्यांग, ट्रक ड्राइवर, बेरोजगार युवा और आम नागरिक शामिल हुए। सभी ने एक सुर में सरकार की नीतियों और महंगाई के खिलाफ आवाज उठाई।

बंटी शेलके ने आंदोलन को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार जनता की समस्याओं की अनदेखी कर रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही इन समस्याओं का समाधान




नहीं किया गया तो विरोध और उग्र होगा। उन्होंने कहा, "सामान्य नागरिकों का सब्र खत्म हो रहा है। सरकार ने अगर अपनी उदासीनता जारी रखी तो आने वाले समय में जनता का गुस्सा देखना पड़ेगा।"

प्रदर्शन के दौरान, बंटी शेलके और उनके पांच सदस्यीय शिष्टमंडल ने मंत्री गिरीश महाजन से मुलाकात की। महाजन ने महायुती सरकार के खातेवाटप के बाद मुद्दों पर चर्चा के लिए मुंबई मंत्रालय में बुलाने का आश्वासन दिया। साथ ही, नागपुर के कलेक्टर विपिन ईटनकर ने 21 दिसंबर को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक तय की।

बंटी शेलके ने स्पष्ट किया कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो अगले अधिवेशन में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों के पुतले जलाकर विरोध किया जाएगा।

इस घेराव में शिवसेना, कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस के नेताओं के साथ बड़ी संख्या में आम लोग शामिल हुए। सभी ने एक सुर में कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के लिए मौजूदा सरकार जिम्मेदार है।



### प्रमुख मांगें:

1. सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान।
2. दिव्यांगों के लिए सुविधाओं में सुधार।
3. बेरोजगारी दूर करने के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना।
4. आरटीओ चेक पोस्ट पर अवैध वसूली को रोकना।
5. बढ़े हुए घर टैक्स और महंगे बिजली बिलों को कम करना।
6. संजय गांधी निराधार योजना के लाभार्थियों को तुरंत अनुदान प्रदान करना।
7. पुलिस प्रशासन के दुरुपयोग पर रोक।

### गृह मंत्री अमित शाह का विरोध

प्रदर्शनकारियों ने डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के खिलाफ की गई टिप्पणी पर गृह मंत्री अमित शाह का विरोध किया। बंटी शेलके ने पुलिसकर्मियों से भी सवाल किया कि क्या वे बाबासाहब का सम्मान करते हैं, जिस पर उन्हें ठोस जवाब नहीं मिला।

# अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर यूथ मूवमेंट ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

### >योजनाओं के क्रियान्वयन की मांग

**नागपुर.** अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर 18 दिसंबर को यूथ मूवमेंट ऑफ महाराष्ट्र, नागपुर ने तहसीलदार महोदय के माध्यम से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं, उनके अधिकारों और प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग को लेकर सौंपा गया।

विज्ञप्ति में बताया गया कि अल्पसंख्यक समुदाय को उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए सरकार द्वारा संयुक्त राष्ट्र की अनुशंसा के अनुसार हर वर्ष 18 दिसंबर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस मनाया जाता है। हालांकि, अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान के लिए बनाई गई योजनाओं का क्रियान्वयन बेहद



कमजोर है।

मुख्य मांगें वित्तीय प्रावधान में वृद्धि: अल्पसंख्यक विकास विभाग और उससे जुड़े संस्थानों के बजट में हर साल कमी हो रही है। सरकार को इसे बढ़ाना चाहिए और रिक्त पदों को तुरंत भरा जाना चाहिए।, सिफारिशों का पालन: प्रधानमंत्री के 15 सूत्रीय कार्यक्रम और सच्चर समिति की सिफारिशों को प्रभावी तरीके से लागू किया जाए।, अल्पसंख्यक कल्याण समिति: जिलों में इन समितियों का पुनर्गठन किया जाए और नियमित बैठकें आयोजित की जाएं।, छात्रावास और शैक्षणिक सुविधाएं: हर जिले में अल्पसंख्यक समुदाय के लड़के-लड़कियों के लिए छात्रावास और उर्दू घर का निर्माण हो।, जिम्मेदारी तय हो: "दफ्तर दिरंगाई अधिनियम" और "लोक सेवा अधिनियम" के तहत संबंधित अधिकारियों पर योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी तय की जाए।, सामाजिक सौहार्द: अल्पसंख्यकों के खिलाफ भड़काऊ भाषणों पर सख्त कार्रवाई हो।, धार्मिक स्थलों की सुरक्षा: "पूजा स्थल अधिनियम 1991" को सख्ती से लागू किया जाए।, सुरक्षा: देशभर में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए सरकार प्रभावी कदम उठाए।

CMYK

# औचित्य के मुद्दे पर रखी जनकल्याण की मांग

## > सर्वजन की संकल्पना पर विधानसभा में साधा संवाद

**कोंढाली/काटोल.**

काटोल विधान सभा विधायक चरण सिंह ठाकुर ने विधानसभा में औचित्य के मुद्दे पर चर्चा में भाग लिया. इस चर्चा के अवसर पर काटोल विधानसभा चुनाव क्षेत्र के किसानों के खडी फसलों को वन्य प्राणीयों द्वारा नुकसान पहूंचाने से बचने के लिये हर किसान को सौर बाड़ लगाने के लिये शासन से सहयोग की मांग की साथ ही किसानों के खेतों के खडी फसलों को नुकसान पहूंचाने वाले वन्यप्राणियों को मार्ने की मंजुरी देने की मांग की.



फसल क्षति जंगली जानवरों के लिए मांग की साथ ही विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से सरकार से भोयर पवार समाज युवक/युवतीयों के आर्थिक उन्नती तथा रोजगार के लिये महाराजा राजा भोज आर्थिक निगम की स्थापना की मांग की गई.यह राय विधानसभा में औचित्य के मुद्दे पर हो रही चर्चा के दरम्यान व्यक्त करते हुए कि युवाओं / युवा महिलाओं को रोजगार और व्यवसाय के लिये. विधायक चरण सिंह ठाकुर ने काटोल विधानसभा क्षेत्र में बहुजन हिताय, सर्व जन सुखाय की अवधारणा प्रस्तुत की. इस संबंध में विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों ने उनका आभार जताया है और सरकार से औचित्य के मुद्दे पर चर्चा के दौरान विधायक चरण सिंग ठाकूर द्वारा रखी गयी जनकल्याण के मुद्दों का सरकार द्वारा समाधान किया जाए.

### नये उद्योग समूह की मंजूरी की मांग

काटोल एमआईडीसी में निजी कंपनी के सोलार इकाई को हटाने तथा काटोल /नरखेड एम आय डी सी क्षेत्र में रिक्त पड़ी सैकडो हैक्टर जमीन पर नये उद्योग समुह लगाने की मंजुरी की मांग कर स्थानिक बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए काटोल / नरखेड तहसील में एमआईडीसी की सैकड़ों एकड़ भूमि पर एक नई उद्योग प्रक्रिया शुरू करने की मांग की गई है

# परभणी हिंसा पर देवेंद्र फडणवीस ने की चर्चा

## > न्यायिक जांच के दिये सख्त निर्देश

**नागपुर.**

राज्य में शीतकालीन सत्र का पांचवा दिन बिता. देवेंद्र फडणवीस ने इस दौरान परभणी हिंसा और बीड जिले में सरपंच की हत्या के मामले पर सदन में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कई सरपंच के परिजनों को मुआवजों की घोषणा भी की। राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि परभणी हिंसा और बीड जिले में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले की न्यायिक जांच की जाएगी। उन्होंने सदन को आश्वासन दिया कि बीड में अराजकता फैलाने के लिए जिम्मेदार लोगों को राजनीतिक जुड़ाव की परवाह किए बिना दंडित किया जाएगा।

परभणी के मुद्दे पर बोलते हुए देवेंद्र फडणवीस ने कहा "परभणी में एक मनोरोगी था जिसने संविधान की प्रतिकृति को तोड़ दिया। 4 डॉक्टरों ने जांच की कि आरोपी मनोरोगी है या नहीं।

आरोपी का 2012 से इलाज चल रहा है।फडणवीस ने कहा कि महानिरीक्षक रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) पहले ही मसाजोग गांव के सरपंच देशमुख की हत्या के मामले की जांच कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा तीन से छह महीने की समयसीमा के साथ एक न्यायिक जांच भी की जाएगी।



मुख्यमंत्री ने बीड के पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण की जानकारी देते हुए कहा कि पुलिस की ओर से चूक हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत के मामले में भी न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं। परभणी में संविधान की प्रतिकृति के अपमान के मामले पर हिंसा होने के बाद सूर्यवंशी को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी।

दस दिसंबर की शाम को परभणी रेलवे स्टेशन के बाहर बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के पास संविधान की प्रतिकृति पर लगा कांच तोड़े जाने के बाद बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ था, जिसने हिंसक रूप ले लिया था। फडणवीस ने कहा, "परभणी हिंसा की न्यायिक जांच कराकर सभी संदेह दूर किए जाएंगे। आंबेडकर किसी जाति तक सीमित नहीं हैं। वह सभी के हैं।" मुख्यमंत्री ने देशमुख और सूर्यवंशी के परिजनों को 10-10 रुपये की वित्तीय सहायता देने की भी घोषणा की।

# 'सौर हाईमास्ट लाइट' का सरपंच साबरे ने किया उद्घाटन



**कामठी.**

तालुका में रणाला ग्राम पंचायत अंतर्गत पी.एंड टी कॉलोनी गार्डन, बजरंग नगर व मोक्षधाम में सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे ने गुरुवार को शाम में 'सौर हाईमास्ट लाइट' का उद्घाटन किया. सरपंच पंकज साबरे ने सौर गांव योजना शुरू की है. इस योजना का लक्ष्य रणाला गांव को पूरी तरह सौर ऊर्जा से चलाना है. भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के प्रयासों से इस योजना से रणाला गांव लाभान्वित हुआ है, और अब इस गांव को पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित गांव बनाने का प्रयास किया जाएगा. सरपंच साबरे ने बताया कि यह एक सरकारी पहल है जो महाराष्ट्र में नवीनीकृत ऊर्जा, विशेष रूप से सौर ऊर्जा, को बढ़ावा देती है. योजना का उद्देश्य प्रत्येक जिले में दो गांवों को पूरी तरह सौर ऊर्जा से बिजली प्रदान करना है. इस मौके पर रणाला ग्राम पंचायत के सदस्य प्रदीप (बाल्या) सपाटे, सदस्य स्वप्नील फुकटे, सदस्या सुनीता चंद्रशेखर नांदेश्वर, स्मिता महेंद्र भोयर सहित संजय बावनकुळे, लोखंडे, मोरेश्वर वजारी, ईश्वर मुळे, मानवटकर, शहाणे, हुकरे आदि पी.एंड टी. कॉलोनी, बजरंग नगर कॉलनी के रहवासी उपस्थित रहे.

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में पोरवाल जूनियर कॉलेज को ट्रॉफी

**नागपुर.**

श्री बिंजानी नगर कॉलेज, नागपुर में आयोजित जूनियर कॉलेज वाद-विवाद प्रतियोगिता में सेठ केसरीमल पोरवाल जूनियर कॉलेज की छात्रा कुमारी राधा अग्रवाल को एक बार फिर सर्वश्रेष्ठ वक्ता घोषित किया गया. इसी तरह, सेठ केसरीमल पोरवाल जूनियर कॉलेज को विजेता ट्रॉफी मिली. वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय था: 'मानव जीवन के लिए वरदान'. प्रतियोगिता में सेठ केसरीमल पोरवाल कॉलेज की वाणिज्य विभाग की छात्रा कु. राधा अग्रवाल और शैली यादव ने भाग लिया था. जिसमें विजेताओं को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनय चव्हाण, उप प्राचार्य डॉ. सुधीर अग्रवाल, पर्यवेक्षक प्रो. विश्वनाथ वंजारी ने बधाई दी है. इन प्रतियोगियों को प्रा. मत्ते सर का मार्गदर्शन मिला.



# लेकुरवाले ने की नए बी.एल.ओ. की नियुक्ति की मांग

**कामठी.**

जिला परिषद महिला एवं बाल कल्याण समिति सभापति प्रा.अवंतिका रमेश लेकुरवाले के नेतृत्व में बिडगांव की महिलाओं ने तहसीलदार गणेश जगदाले को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची में गड़बड़ी और वर्तमान में कार्यरत बी.एल.ओ को तत्काल दुरुस्त (शुद्धिकरण) करने की मांग की. चूंकि यह अप्रभावी था. इसलिए उन्हें इसे बदलने के लिए एक ज्ञापन दिया गया.

नगर पंचायत बिडगांव के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के मतदाताओं का नाम अन्यत्र मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया है. जैसे आराधना नगर बिड़गांव मतदाताओं के नाम तरोड़ी बू. तथा तरोड़ी खु.की वोटिंग सूची में मतदाताओं के नाम शामिल हैं.



इसलिए यह स्पष्ट नहीं है कि कौन कहां का है एवं वार्ड नं. 3 बिडगांव के निवासी शराब की दुकान को बंद करने के लिए जल्द ही मतदान प्रक्रिया अपनाना चाहते हैं, लेकिन चूंकि उन्हें सफलता का भरोसा नहीं है, इसलिए मतदान सूचियों का शुद्धिकरण (शुद्धिकरण) करना बहुत जरूरी है.साथ ही भविष्य में चुनाव त्रुटिपूर्ण तरीके से न हो इसके लिए इन सूचियों को दुरुस्त (शुद्ध) किया जाए और क्षेत्र के निवासियों के नाम उसी क्षेत्र की वोटिंग सूची में शामिल किए जाएं.

वर्तमान में कार्यरत बी.एल.ओ. विधानसभा चुनाव के दौरान वे कितने निकम्मे थे, इसका पता इसी से चलता है, जब उन्होंने कार्यकर्ताओं को वोटर स्लीप पहुंचाने का काम दिया और उसे बांटने को कहा. न ही उन्हें खुद पता है कि उस सूची में शामिल मतदाताओं की पहचान क्या है या वे वहां रहते भी हैं या नहीं. अतः सभी बी.एल.ओ. की जगह नये बी.एल.ओ. को नियुक्त कर उन्हें जिम्मेदारी दी जानी चाहिए.

# आरटीओ अधिकारी को मिली जान से मारने की धमकी

## > जावेद खान के खिलाफ मामला दर्ज

**नागपुर.**

ड्राइविंग स्कूल के जरिए ड्राइविंग लाइसेंस के लिए टेस्ट देने आई महिला को फेल करने पर दलाल ने नागपुर ग्रामीण आरटीओ के सहायक निरीक्षक को जान से मारने की धमकी दी। काम में बाधा निर्माण की और झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने लगा।

कपिलनगर पुलिस ने आरटीओ अधिकारी राहुल बापूराव धकाते की शिकायत पर राठोड़ लेआउट निवासी जावेद खान छोटेखान पठान के खिलाफ मामला दर्ज किया। जावेद अपनी पत्नी के नाम पर जारा ड्राइविंग स्कूल चलाता है। ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदन पर अपने ड्राइविंग स्कूल का स्टैंप लगाकर टेस्ट के लिए भेजता है। धकाते ने अपनी शिकायत में बताया कि जावेद अपनी ड्राइविंग स्कूल के स्टैंप लगे आवेदन पर बिना जांच किए उम्मीदवारों को पास करने के लिए दबाव डालता है। वह शहर के तीनों आरटीओ कार्यालय के अधिकारियों को धमकाता है। जानकारी में बताया जा रहा है कि मंगलवार को उसने एक महिला उम्मीदवार को टेस्ट के लिए भेजा। नियम का पालन नहीं करने पर आरटीओ कार्यालय के अधिकारी राहुल बापूराव धकाते ने उसे फेल कर दिया। इस बात से बौखलाकर जावेद 3-4 साथियों के साथ ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक पर पहुंच गया। धकाते के साथ गाली-गलौज की और पत्नी का नाम आगे कर झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने लगा। उसने ट्रैक पर चल रहे टेस्ट में भी हंगामा करते हुए बाधा डालने की कोशिश की।



इसके बाद वह असिस्टेंट आरटीओ हितेश दावड़ा के कार्यालय में पहुंचा। वहां भी धकाते के नाम पर गाली-गलौज करने लगा और वर्दी उतरवाने की धमकी देने लगा। वह इसी तरह पत्नी का नाम आगे कर अधिकारियों को धमकाता है। इसके बाद आरटीओ कार्यालय के अधिकारी राहुल बापूराव धकाते ने कपिलनगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई।

# 3,000 करोड़ की टेक्सटाइल सब्सिडी अटकी

## > बढ़ने की बजाय 'संकट' में फंसीं कंपनियां

**नागपुर.**

टेक्सटाइल सेक्टर को लेकर केंद्र और राज्य सरकार का फोकस किसी से छिपा नहीं है। दोनों ही सरकार चाहती हैं कि देश का टेक्सटाइल सेक्टर फले-फूले। परंतु वास्तव में हो कुछ और ही हो रहा है। कॉटन उत्पादन के प्रमुख केंद्र विदर्भ और मराठवाड़ा में काम करने वाली स्पिनिंग, विविंग और कपड़ा उद्योग 'संकट' में घिर गई है क्योंकि इन्हें समय पर 'सब्सिडी' नहीं मिल रही है।

जानकारों की मानें तो छोटी-बड़ी कंपनियों की लगभग 3,000 करोड़ रुपये की फाइल मंत्रालय में अटकी हुई है। इससे सरकार की 'गंभीरता' का पता लगाया जा सकता है। कपड़ा सेक्टर से जुड़े जानकारों ने बताया कि एक ओर दोनों ही सरकारें बड़ी-बड़ी बातें कर रही हैं दूसरी ओर जब सब्सिडी देने की बात आती है तो 'हाथ-पैर' फूल जाते हैं।

कई कंपनियों को तो 2015-16 से ही सब्सिडी भुगतान नहीं हुआ है। यह राशि बढ़ते-बढ़ते लगभग 3,000 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है। इतनी बड़ी राशि सरकार से नहीं मिलने के कारण कंपनी संचालकों का 'दम' फूल गया है। कई कंपनियां बंदी के कगार पर खड़ी हो गईं हैं तो कुछ बंद भी हो चुकी हैं। उन्हें उम्मीद थी कि सरकार समय पर 'मदद' करेगी लेकिन ऐसा होता कुछ दिखाई नहीं दे रहा है।



उल्लेखनीय है कि सरकार बिजली, कैपिटल और इंटरेस्ट के रूप में सब्सिडी देती है। बिजली पर प्रति यूनिट लगभग 2 रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। बिजली सब्सिडी का बकाया भुगतान बहुत ज्यादा नहीं है। 2 माह का भुगतान अटका है लेकिन ब्याज और पूंजी सब्सिडी कई कंपनियों को 5-5 वर्षों से नहीं मिली है। इतने दिनों तक पैसे नहीं मिलने से कंपनियों का 'तंत्र' हिल गया है और वे 'बीमारू' की कतार में खड़ी होती जा रही हैं।

उद्योग से जुड़े लोगों ने बताया कि विदर्भ और मराठवाड़ा में ही लगभग 750 से अधिक कंपनियां हैं जो स्पिनिंग, विविंग और प्रोसेसिंग से जुड़ी हैं। अगर 5 साल में औसतन 400 करोड़ रुपये का भुगतान भी नहीं हुआ है तो यह राशि 2,000 करोड़ हो जाती है और पिछले वर्ष का 1,100 करोड़ रुपये भी आना बाकी है। इस प्रकार कुल राशि 3,000 करोड़ से ऊपर पहुंच जाती है। उद्योग से जुड़े लोगों ने बताया कि यहां पर केवल सब्सिडी बकाया का मामला ही नहीं है बल्कि सब्सिडी देने में भरपूर भेदभाव किया जा रहा है। बड़ी कंपनियों का नाम सुनकर करोड़ों की राशि जारी कर दी जाती है, जबकि छोटे-छोटे उद्योग खाली हाथ रह जाते हैं। इस भेदभाव ने पूरे सेक्टर पर 'आफत' ला दी है। यूं कहा जा सकता है कि 'बड़ी मछलियां, छोटी मछलियों को निगल' रही है। इस पर अंकुश लगाने की भी जरूरत है।

### सभी फाइलें मंत्रालय भेजीं

इस बीच टेक्सटाइल आयुक्तालय का कहना है कि सब्सिडी को लेकर कार्यालय में कोई निर्णय नहीं लिया जाता है। यहां पर जो फाइलें आ जाती हैं, उन्हें प्रोसेस कर सीधे मंत्रालय भेज दिया जाता है। मंत्रालय ही सब्सिडी जारी करने का अंतिम निर्णय लेता है। कितनी राशि बाकी है या पूर्ण राशि दे दी गई है यह मंत्रालय ही बता सकता है।

# पेट्रोल पंप पर महिला से करवाया साष्टांग नमस्कार

## > 3 आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर.**

पेट्रोल पम्प पर कार्यरत एक महिला को धमकाकर साष्टांग नमस्कार करवाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया। आरोपियों में राजेश मिश्रा, विकास बोरकर और पंकज बारेकर का समावेश है।

उनके फरार साथियों की तलाश की जा रही थी। पुलिस के अनुसार 44 वर्षीय पीड़ित महिला हिंगना रोड के आईसी जोन चौक पर स्थित पेट्रोल पम्प पर काम करती है। बुधवार की रात 9 बजे विकास बोरकर अपनी गाड़ी में पेट्रोल भरवाने के लिए पम्प पर आया। इसी दौरान एक लावारिस कुत्ता भौंकते हुए उसकी ओर दौड़ा। बौखलाए विकास ने गाली-गलौच शुरू कर दी। इस पर पीड़ित महिला ने आपत्ति जताई। विकास ने महिला के साथ भी गाली-गलौज की और आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए वहां से चला गया।

जानकारी में बताया जा रहा है कि कुछ देर बाद वह राजेश, पंकज और अन्य साथियों के साथ वापस पम्प पर लौटा। सभी ने महिला को धमकाया। विकास से पैर पड़कर माफी मांगने को कहा। महिला बुरी तरह घबरा गई। उसने सबके सामने विकास को साष्टांग नमस्कार किया।

अन्य लोगों से भी गिड़गिड़ाकर हाथ जोड़कर माफी मांगी। इसी दौरान महिला को धक्का दिया और वह जमीन पर गिर गई। विकास के साथियों ने अपना रौब दिखाने के लिए उसके साष्टांग नमस्कार का वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया पर वायरल किया।

इसके बाद पीड़िता ने घटना की जानकारी पुलिस के कंट्रोल रूम को दी। जानकारी मिलते ही एमआईडीसी पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपियों के खिलाफ विविध धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया।

आरोपियों में राजेश मिश्रा, विकास बोरकर और पंकज बारेकर शामिल हैं। इसके साथ ही साथ उनके फरार साथियों की तलाश की जा रही थी।

# स्वामी अवधेशानंद पब्लिक स्कूल में होगा आज एनुअल डे

## > 'रिश्ते धरोहर जिंदगी की' थीम पर आधारित

**कामठी.**

नई कामठी स्थित सदाशिवराव पाटील शिक्षण संस्था द्वारा संचालित स्वामी अवधेशानंद पब्लिक स्कूल एंड जूनियर कॉलेज में आज शनिवार 21 दिसंबर को वार्षिक उत्सव (एनुअल डे फंक्शन) का आयोजन किया जा रहा है. इस वर्ष की थीम 'रिश्ते धरोहर जिंदगी की' है, जिसमें छात्रों द्वारा कहानियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सद्गुणों का अद्वितीय प्रदर्शन किया जाएगा.

इस बात की जानकारी देते हुए स्वामी अवधेशानंद पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. ईशा मुदलियार एवं वाइस प्रिंसिपल प्रा. अविनाश धोटे ने बताया कि स्कूल का मुख्य उद्देश्य कम से कम फीस में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है. उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी प्राथमिकता दी जाती है, जिससे बच्चे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी आगे बढ़ें.उन्होंने बताया कि स्वामी अवधेशानंद पब्लिक स्कूल से कई छात्र-छात्राएं राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं. उन्होंने कहा कि स्कूल का फोकस बच्चों के सर्वांगीण विकास पर है ताकि वे समाज में सम्मानजनक पदों पर पहुंचें.उन्होंने बताया कि कार्यक्रम शाम 4:00 बजे से शुरू होगा और इसमें समाज की जानी-मानी हस्तियां शामिल होंगी. मुख्य अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगी. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सेंट्रल आय.ए.पी. महाराष्ट्र के एग्जीक्यूटिव मेंबर डॉ. गिरीश चरडे प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे. वहीं विशेष अतिथि बतौर सदाशिवराव पाटील शिक्षण संस्था की अध्यक्षा किशोरी यादवराव भोयर, उपाध्यक्षा अनुराधा सुरेश भोयर, सचिव सुरेश यादवराव भोयर (पूर्व अध्यक्ष जिला परिषद नागपुर), डायरेक्टर अनुराग सुरेश भोयर सहित किशोरीताई भोयर कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रिंसिपल डॉ. मिलिंद उमेकर, बी.पी.एड.कॉलेज






प्रिंसिपल डॉ. दिलीप कोहले, बी.एड. कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. रूपाली पाटील, कामठी पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रिंसिपल एम.बी. घोलसे, स्वामी अवधेशानंद पब्लिक स्कूल नंदनवन प्रिंसिपल डॉ. निलजा मिलिंद उमेकर उपस्थित रहेंगे. उन्होंने उम्मीद जताई कि यह कार्यक्रम बच्चों के लिए प्रेरणादायक साबित होगा.

उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन ने गांव और क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाया, जिसका परिणाम है कि आज स्कूल के बच्चे डॉक्टर, वकील, इंजीनियर और विभिन्न प्रशासनिक व राजनैतिक पदों पर कार्यरत हैं. योग्य शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्कूल बच्चों के उज्वल भविष्य को संवारने में जुटा हुआ है. स्कूल राष्ट्रीयता और उच्च मापदंडों के साथ बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर करेगा.

कार्यक्रम में सभी अभिभावकों और गणमान्य लोगों के शामिल होने की अपील की गई है. यह एनुअल डे समारोह न केवल बच्चों की उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगा बल्कि स्कूल की भावी योजनाओं और संकल्पों का भी परिचायक बनेगा.

### नई सोच और लक्ष्य में स्कूल आगे बढ़ रहा

स्कूल ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को भी साकार करते हुए लड़कियों को समान अवसर दिया. उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल प्रबंधनों की नई सोच और लक्ष्य तथा कुशल नेतृत्व में स्कूल आगे बढ़ रहा है.

# शोएब असद ने मंत्री भरत गोगावले से की मुलाकात

**कामठी.** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजीत पवार अल्पसंख्यक सेल महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष शोएब असद ने शिवसेना शिंदे गुट नेता व महाराष्ट्र सरकार के केबिनेट मंत्री भरत गोगावले से शिष्टाचार मुलाकात की. शोएब असद ने नागपुर सिविल लाइन स्थित रविभवन कॉटेज निवास स्थान पर केबिनेट मंत्री भरत गोगावले से मुलाकात के दौरान फूलों का गुलदस्ता भेंटकर उनका सम्मान किया.

इस मौके पर शोएब असद ने नगर परिषद, पंचायत समिति, ज़िला परिषद के माध्यम से शहर के सभी वार्डों में कराए जा रहे विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी. उन्होंने केबिनेट मंत्री भरत गोगावले को कामठी आने का निमंत्रण भी दिया. मंत्री भरत गोगावले ने कहा, कि वे होने वाले निकाय चुनाव में कामठी का दौरा करेंगे.

उन्होंने शोएब असद से कहा कि कामठी की जनता को नगर परिषद, पंचायत चुनाव, ज़िला परिषद के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम करें ताकि जनता को महायुति सरकार में अपनी भागीदारी महसूस हो.

# दिव्यांग फाउंडेशन ने की मानधन बढ़ाने की मांग

**कामठी.**

दिव्यांग फाउंडेशन (रनाला, कामठी, नागपुर) द्वारा जिलाधिकारी के नाम प्रेषित ज्ञापन पंचायत समिति में तहसीलदार एवं खंड विकास अधिकारी को सौंपकर मांग की है कि दिव्यांगों को हर महीने पांच हजार (5000) रुपये मानधन देने की मांग की है. उन्होंने कहा कि दिव्यांगों के लिए केंद्र व राज्य सरकार ने अनेक योजनाएं शुरू की है परंतु दिव्यांगों को अभी हर महीने 1500 सो रुपए ही मानधन मिल रहा है. इस मानधन में उन्हें अपना और अपने परिवार का पालन- पोषण (गुजारा) करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. महाराष्ट्र राज्य प्रगतिशील राज्य होने के बावजूद भी दिव्यांगों का मानधन नहीं बढ़ाया जा रहा है.जो एक गंभीर विषय है ?

इस मौके पर दिव्यांग फाउंडेशन के अध्यक्ष व ग्रामपंचायत सदस्य प्रदीप (बाल्या) सपाटे, सचिव बॉबी महेंद्र, अजय ठाकुर, अमोल नागपुरे, नितिन ठाकरे, नरेंद्र कुथे, विक्रम कुलरकर, मारुति इराबत्तीवार, रमेश चिकटे, ऐहसानुउद्दीन सूफी,अभिलाश बंड आदि पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 139-3 | 566-7 |
| श्रीदेवी नाईट | 158-4 | 238-3 |

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



### शंकर झाडे

वर्धा. शंकर ज्ञानेश्वरराव झाडे मारोती वार्ड हिंगनघाट हिंगनघाट याहा के शिवसेना शहर उपप्रमुख

शंकर ज्ञानेश्वरराव झाडे का 56 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी मां, पत्नी, दो बच्चे और विस्तृत परिवार है उनका अंतिम संस्कार वना नदी मोक्षधाम में रिश्तेदारों और शिवसेना पदाअधिकारी कार्यकर्ता और दोस्तों की मौजूदगी में किया गया।

# संविधान शिल्प विटंबना की सीबीआई जांच की मांग

## > आगामी होने वाले सभी चुनाव बैलेट पेपर पर लेने की मांग

**हिंगनघाट.**

परभणी में संविधान शिल्प विटंबना व सोमनाथ सूर्यवंशी के हत्या प्रकरण की सीबीआय जांच करने, दिल्ली के किसान आंदोलक पर हो रहे अत्याचार का निषेध, और स्थानिक स्वराज्य संस्था के चुनाव ईव्हीएम मशीनपर न लेकर बँलेट पेपर पर लिए जाए, इस मांगो को लेकर सर्व पक्षीय द्वारे डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक से मोर्चा निकालकर उपविभागीय अधिकारी मार्फत मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया।

परभणी यहां भारतीय संविधान के शिल्पकार भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पूर्णाकृती पुतले के सामने भारतीय सविधान प्रतिकृती की विटंबना करने वाले व्यक्ती को केवल अरेस्ट करना काफी नहीं तो उस पर प्रशासन ने देशद्रोह का गुनाह दाखल करके कठोर कारवाई की जाए, परभणी के भीम सैनिक पर के गुनाह पीछे लिए जाए।

साथ ही संविधान शिल्प विटंबन के विरोध में भीम सैनिक सोमनाथ सूर्यवंशी को अरेस्ट किया गया और उनकी पोलीस कस्टडी में मृत्यू हुई। अमानुष मारहाण की वजह से घटना घटी। इस के लिए जिम्मेदार सबंधित कर्मचारी पर मनुष्य वध का गुनाह दाखल करके इस प्रकरण की सीबीआय जांच करके शहीद सोमनाथ सूर्यवंशी को तत्काल न्याय देने की मांग की गई।

नोव्हेंबर २०२० में दिल्ली सीमा पर सुरु हुए किसान आंदोलन एक वर्ष चला। सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से केंद्र सरकार ने किसानो के नुकसान करने वाले तीन कानून स्थगित किए। केंद्र सरकार ने दिए आश्वासन की पूर्तता की नहीं। इस वजह से १३ फरवरी २०२४ से किसान आंदोलन कर रहे है। किसानों की समस्या समझकर उसपर हल निकलने के बजाय

उन्हें अमानुष मारपीट करके उनका आंदोलन खत्म किया जा रहा। जिसका राष्ट्रवादी काँग्रेस शरदचंद्र पवार पार्टी द्वारा जाहीर निषेध व्यक्त किया जा रहा है।

देश की बहुसंख्य मतदारो ने जिस पार्टी को वोट दिये। वो पार्टी सरकार स्थापन करती है। जिसमे चुनाव आयोग आयुक्त कार्यालय के धोरणात्मक निर्णय का मुख्य



आधार है। २०१९ के सार्वत्रीक चुनाव ईव्हीएम मशीन बाबत बड़े प्रमाण में संशय किया जा रहा है।तब से "माझे मत कुठे गेले ?" ये प्रश्न मतदार को सता रहा है।

चुनाव का निकाल आनेपर राज्य की आम मतदरों को आश्चर्य का धक्का लगा। इस धक्के से सावरने के लिए कुछ गांव में मतदारो ने मशीन के दिखाए मतदान योग्य हुए इसके लिए बैलेट पेपरपर मतदान लेने का संकल्प जिल्हाधिकारी व संबंधित यंत्रणा को बताया। लेकिन गांव के मतदाता को मतदान करने से सक्त मनाई की गई।

मतदान की प्रक्रिया रोकने के लिए पुलिस को भेजकर जमाव बंदी आदेश लागू करके गाव के नागरिक को मतदान नहीं करने नहीं दिया। जिस वजह से मतदारो ने दिये वोट किसको मिले इसकी जांच करने का प्रयास सरकार ने होने नहीं दिया।

इस वजह से मतदारो का ईव्हीएम मशीन पर का शक सही माना जा रहा है।

### उपविभागीय अधिकारी मार्फत जिलाधिकारी को ज्ञापन

इस परिस्थिती में जनता का गैरसमज दूर करने चुनाव आयोग ने आगामी होने वाले सभी चुनाव बॅलेट पेपर पर लिए जाए ऐसा ज्ञापन सर्व पक्षीय समिती ने उपविभागीय अधिकारी मार्फत जिलाधिकारी को दिया। इस वक्त राष्ट्रवादी काँग्रेस शरदचंद्र पवार पार्टी के प्रदेश सरचिटणीस अतुल वांदिले, विदर्भ विकास आघाडी के अनिल जवादे, नवीन इंदुरकर, शिवसेने के सतीश धोबे, मनीष देवढे, समाजसेवक सुनील डोंगरे, डॉ. उमेश वावरे, बालु वानखेडे, विजय तामगाडगे, शंकर मुंजेवार, संजय धाबर्डे, राजेश धोटे, बाला मानकर, सुरेश मुंजेवार, अनिल मुन, दशरथ ठाकरे, ज्वलंत मुन, सिद्धार्थ मस्के, गोकुल पाटील, अमोल बोरकर, मनीष कांबले, सुरेश गायकवाड,अतुल नंदागवली के संग सभी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ते बड़ी संख्खाने उपस्थित थे।

# वैनगंगा नदी पर डांगोरली बैराज निर्माण को लेकर विधायक विनोद अग्रवाल ने बढ़ाई गति

## नागपुर में जलसंपदा विभाग के अधिकारियों संग बैठक, जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश

**गोंदिया.**

मध्यप्रदेश की सीमा से सटी वैनगंगा नदी पर महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के डांगोरली गांव में 395 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित बैराज परियोजना को लेकर विधायक विनोद अग्रवाल ने एक बार फिर सक्रियता दिखाई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए उन्होंने हाल ही में नागपुर स्थित विदर्भ पाटबंधारे विकास महामंडल कार्यालय में जलसंपदा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस बैठक में कार्यकारी संचालक राजेश सोनटक्के, मुख्य अभियंता प्रकाश पवार, अधीक्षक अभियंता आर. जी. पराते, श्री फरकडे, ईई वराडे, ईई बाघ, श्री कुरेकर, ईई ए.आय. पाटिल, ईई सोनाली सोनुले, डीई डोंगरे सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। विधायक ने बैठक के दौरान परियोजना से संबंधित बाधाओं को जल्द दूर करने और आवश्यक प्रस्ताव सरकार को तुरंत भेजने के निर्देश दिए। डांगोरली बैराज का निर्माण गोंदिया तहसील के 5861 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र के लिए सिंचाई की



रीढ़ साबित होगा। साथ ही, यह गोंदिया शहर और आसपास के गांवों को 24 घंटे जलापूर्ति सुनिश्चित करेगा। विधायक ने कहा कि वैनगंगा नदी में जलस्तर पर्याप्त होने के बावजूद इस पानी का उपयोग स्थानीय किसानों और नागरिकों के लिए नहीं हो पाता था। लेकिन इस बैराज के निर्माण से यह समस्या हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी।

डांगोरली बैराज के निर्माण की मांग वर्षों से उठाई जा रही थी। लेकिन इसे मंजूरी दिलाने का श्रेय विधायक विनोद अग्रवाल को जाता है, जिन्होंने 2019 में विधायक बनने के बाद इस परियोजना के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उनकी अथक मेहनत और प्रयासों के कारण 2024 में राज्य सरकार ने इस परियोजना को प्रशासकीय मंजूरी प्रदान की.विधायक ने बताया कि परियोजना के लिए कई अड़चनें और बाधाएं आईं, लेकिन उन्होंने लगातार प्रयास करके उन्हें दूर किया। अगस्त 2022 में एमडब्ल्यूआरआरए से मंजूरी दिलाने के बाद 2023 में एसएलटीसी से मंजूरी प्राप्त की। अब बैराज के निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

### कई गांवों को होगा फायदा

इस बैराज से टेढ़वा, शिवनी, डांगोरली, देवरी, नवेगांव जैसी उपसा सिंचन योजनाओं से जुड़े कई गांवों को सीधा लाभ होगा। साथ ही, सिंचाई और पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा। विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा, "यह मेरा सपना था कि वैनगंगा नदी पर डांगोरली बैराज बने। इसके निर्माण से क्षेत्र के किसानों और नागरिकों का जीवन बदल जाएगा। हम इसे जल्द से जल्द साकार करने के लिए प्रयासरत हैं।"

# भारत विद्यालय में अल्पसंख्याक दिन मनाया

हिंगनघाट. स्थानिक भारत विद्यालय हिंगणघाट यहां हाल ही में अल्पसंख्यक दिन मनाया गया। इस वक्त मंचपर स्कूल के मुख्याध्यापक राजू कारवटकर, उप मुख्याध्यापक हरीश भट्टड, पर्यवेक्षिका नीलांशी बोलिले, पर्यवेक्षक विनोदी नांदुरकर, ज्येष्ठ शिक्षक व मार्गदर्शक दत्ता भांगे आदी उपस्थित थे। इस प्रसंग पर दत्त भांगे ने विचार व्यक्त करते कहा कि अल्पसंख्यांक लोगो को आगे लाने और उनके हक्क का संरक्षण करने के लिए अल्पसंख्यांक हक्क दिन मनाया





गया। मुस्लिम से ख्रिश्चन बौद्ध पारसी आणि जैन हे भारत के अल्पसंख्याक अधिसूचित किए गए है।

भारतीय राज्यघटना के नुसार देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार मिलना चाहिए, फिर वो किसी भी धर्म भाषा या समुदाय का हो। देश के संविधान में अल्पसंख्यांक संरक्षण की तरदूत किए जाने का मत दत्ता भांगे ने व्यक्त किया।

# विवाह में बाधा डालने पर मामला दर्ज

**गोंदिया.**



सालेकसा थानांतर्गत ग्राम लोहारा निवासी फरियादी हेतराम गोविंदा चौधरी (50) ने अपनी लड़की का विवाह करने के लिए लड़के वालो को बुलाया था। इसकी जानकारी आरोपी मनोज गौतम (35) को मिलने पर वह गुस्सा हो गया। तब आरोपी फरियादी के घर पहुंचा और उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। यह घटना 13 दिसंबर को घटी। फरियादी की शिकायत एवं मेडिकल रिपोर्ट पर सालेकसा पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मामला दर्ज किया है।

मामले की जांच पुलिस हवलदार गणेश सौंजाल कर रहे है।

# शारीरिक उत्पीड़न करने वाले को आजीवन कारावास

**हिंगनघाट.**

अल्लिपुर पुलिस थाने के क्षेत्र के एक गांव की लड़की को शादी का झांसा देकर बार-बार शारीरिक उत्पीड़न करने वाले आरोपी मंगेश प्रकाशराव हागे (दिघेकर) को अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायालय ने 20 वर्ष सश्रम कारावास और 20, 000 रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना न भरने पर आरोपी को 1 वर्ष का सादे कारावास की सजा सुनाई गई है। यह जानकारी सरकारी वकील दीपक वैद्य ने दी।



मामला इस प्रकार है कि आरोपी मंगेश प्रकाशराव हागे ने पीड़िता के घर में अकेला पाकर अनधिकृत प्रवेश किया और जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाए, जिससे पीड़िता माह की गर्भवती हो गई। शादी का दबाव डालने पर आरोपी ने मना कर दिया। पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई और अदालत ने आरोपी को सजा सुनाई। अदालत ने आरोपी को आईपीसी की धारा 506, पोक्सो एक्ट की धारा 6 और अन्य धाराओं में सजा सुनाई।

# जिले में 16 से 20 तक 'कुष्ठरोग मुक्त महाराष्ट्र' अभियान

**गोंदिया :**

राष्ट्रीय कुष्ठरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में 16 से 20 दिसंबर तक 'कुष्ठरोग मुक्त महाराष्ट्र' (कुसुम) अभियान चलाया जा रहा है. इसका मुख्य उद्देश्य जिले से कुष्ठ रोग को खत्म करना है. कुष्ठ रोग एक जीवाणु रोग है जो त्वचा और तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है. चूंकि इस रोग के बारे में कई गलत धारणाएं हैं, इसलिए इस अभियान के माध्यम से हम लोगों को रोग के लक्षणों को पहचानने और सही समय पर इलाज कराने के लिए प्रोत्साहित करना चाहते हैं. ऐसी जानकारी सहायक संचालक (कुष्ठरोग) डा. महेंद्र धनविजय ने दी है. इस अभियान के तहत वंचित/उपेक्षित समूहों जैसे ईंट भट्ठा श्रमिक, खनिक, चीनी मिल श्रमिक, निर्माण श्रमिक प्रवासी व्यक्ति, छात्रावासों,




आवासीय/आश्रम विद्यालयों में रहने वाले छात्र, वृद्धाश्रम में रहने वाले व्यक्ति, कंपनी के श्रमिक आदि पर नियमित/विशेष सर्वेक्षण किया जाता है. काम के लिए जल्दी घर जाना और देर से घर लौटना. इसके कारण नियमित सर्वेक्षण या कुष्ठ रोग पहचान अभियान में भी ऐसे लोगों की स्वास्थ्य जांच नहीं हो पाती है. ऐसे लोगों की जांच इस अभियान के माध्यम से किए जाने की जानकारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. नितिन वानखेड़े ने दी है. जिले के स्वास्थ्य कर्मी इन दिनों राइस मिलों पर वंचित और उपेक्षित लोगों के बीच जाकर उनके स्वास्थ्य की जांच करते नजर आ रहे हैं.

# तेज रफ्तार एवं मोबाइल टॉकिंग करते हुए वाहन चलानेवालों पर कड़ी नजर

**गोंदिया.**

गोंदिया जिले में इस वर्ष बीते 11 माह में विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में 156 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। कुल 301 हादसों में 233 लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए। यातायात पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर विशेष अभियान के साथ ही प्रतिदिन यातायात नियंत्रण के लिए कार्रवाई की जाती है। इसके बावजूद भी तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों एवं मोबाइल टॉकिंग करते हुए वाहन चलाने वाले युवाओं को अक्सर यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए देखा जाता है। हाल ही में एक सड़क दुर्घटना में शहर की महिला चिकित्सक के गंभीर रूप से जखमी होने के बाद यातायात पुलिस ने दुपहिया, चौपहिया वाहन चालकों के दस्तावेजों एवं ट्रिपल सीट चलनेवालों पर कार्रवाई



का अभियान शुरु किया है। जिसके तहत पिछले 3-4 दिनों में ही 500 से अधिक लोगों पर कार्रवाई भी की गई है। चौपहिया वाहनों में सवार लोगों पर सीट बेल्ट न बांधने पर कार्रवाई की गई। ओवर स्पीड वाहनों के साथ ही मोबाइल टॉकिंग करते हुए वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई के लिए जल्द ही गोंदिया पुलिस को एक इंटरसेप्टर वाहन प्राप्त होने वाला है। जिसकी मंजूरी मिल चुकी है। यह एक हायटेक वाहन होगा, जो यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों की पहचान कर उन पर कार्रवाई करने के लिए उपयोग में लाया जाता है। वाहन में लगाए गए रडार एवं कैमरे द्वारा सड़क से आने जानेवाले वाहनों की गति की जानकारी दूर से ही मिल जाती है। यातायात पुलिस निरीक्षक नागेश भास्कर के अनुसार इस वाहन की मंजूरी शासन की ओर से मिल चुकी है और जिले को यह वाहन जल्द ही मिल जाएगा। इंटरसेप्टर वाहन में प्रदूषण जांच की भी व्यवस्था रहेगी। इस वाहन में पुलिस विभाग का एक अधिकारी एवं तीन कर्मचारी तैनात रहेंगे। इससे यातायात पुलिस का काम एक ओर सरल हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर नियमों का उल्लंघन करने वालों को घर बैठे चालान मिल जाएगे। इससे यातायात नियंत्रण व्यवस्था को सुचारू बनाने में पुलिस को काफी मदद होगी। वहीं दूसरी ओर इस तरह की कार्रवाई से दुर्घटनाओं पर भी नियंत्रण लगने की संभावना है। कुछ ही दिनों बाद 31 दिसंबर को थर्टीफर्स्ट मनाया जाना है। इस दिन बड़ी संख्या में युवा रात्रि के समय तेज रफ्तार वाहनों से सड़कों पर घुमते हुए जश्न मनाते नजर आते हैं। ऐसे लोगों पर भी यातायात नियंत्रण विभाग ने कार्रवाई के लिए अपनी कार्ययोजना तैयार कर रखी है। थर्टीफर्स्ट एवं न्यू इयर के जश्न के दौरान नियमों का उल्लंघन करते हुए वाहन चलानेवालों पर यातायात नियंत्रण विभाग की कड़ी नजर रहेगी।

# वैनगंगा नदी पर 395 करोड़ का डांगोरली बैराज निर्माण में गति

**गोंदिया.**



मध्यप्रदेश की सीमा से सटी वैनगंगा नदी पर गोंदिया तहसील के ग्राम डांगोरली में 395 करोड़ रुपये की लागत से डांगोरली बैराज के निर्माण का कार्य जल्द शुरू होने वाला है। विधायक विनोद अग्रवाल ने इस महत्वकांक्षी परियोजना को गति देने के लिए नागपुर में जलसंपदा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजें ताकि निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू किया जा सके।

विधायक विनोद अग्रवाल ने बताया कि यह बैराज क्षेत्र के किसानों के लिए सिंचाई की रीढ़ की हड्डी साबित होगा और गोंदिया शहर को 24 घंटे जलापूर्ति की सुविधा भी प्राप्त होगी। उन्होंने इस परियोजना के लिए कई सालों से संघर्ष किया और 2019 में विधायक बनने के बाद से ही इसके निर्माण हेतु कटिबद्धता दिखाते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। अब, राज्य सरकार ने इस परियोजना को प्रशासकीय मंजूरी दे दी है। बैठक में जलसंपदा विभाग के प्रमुख अधिकारी, जैसे कार्यकारी संचालक राजेशजी सोनटक्के, मुख्य अभियंता प्रकाश पवार, अधीक्षक अभियंता आर. जी. पराते और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस बैराज के निर्माण से गोंदिया जिले के 5861 हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई का लाभ मिलेगा, और गोंदिया शहर सहित आसपास के कई गांवों को 24 घंटे जलापूर्ति की सुविधा भी उपलब्ध होगी।

# लायन्स क्लब द्वारा निशुल्क मोती बिंदू शिविर का आयोजन

**हिंगनघाट.**

स्थानीय लायन्स क्लब शाखा व सेवाग्राम के लायन्स आय हॉस्पिटल, महात्मा गांधी इन्स्टिट्यूट ऑफ सायन्सेस के संयुक्त विद्यमान से हिंगणघाट यहां निशुल्क मोतीबिंदू जांच व शस्त्रक्रिया शिविर का आयोजन किया गया है।

बस स्थानक के पीछे के माता मंदिर हॉल में सुबह साडे नौ से दोपहर दो बजे तक मोतीबिंदू जांच शिविर लिया जायेगा। इस शिबिर में मोतीबिंदू की जांच मुफ्त में की जाएंगी। और



आंखों में लेंस डालने, शस्त्रक्रिया और चष्मे वाटप यह भी निःशुल्क कीये जाएंगे।

इस शिविर का जरूरत मंद व्यक्तीं ओ ने लाभ लेने का आवाहन स्थानिक लायन्स क्लब के अध्यक्ष सुहास घिनमिने ने किया है।

रुग्ण ने नोंदणी के लिए लायन्स क्लब अध्यक्ष सुहास घिनमिने, सचिव चारुदत्त धात्रक और कोषाध्यक्ष शंकर धोंगडे से संपर्क करने का आवाहन किया गया है।

# वर्धा जिले की ओर से सम्मान समारोह

**हिंगनघाट.**

विदर्भ जूनियर कॉलेज एसोसिएशन जिला वर्धा की ओर से नवनियुक्त एवं सेवानिवृत्त सदस्यों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मगन वाड़ी क्षेत्र वर्धा में आयोजित समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ व्याख्याता एवं पूर्व जिला सचिव प्रा जयंत ढगले ने की। जबकि जिला अध्यक्ष प्रा. अभिजीत डाखोरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रा. राजेश बोरकर जिन्हें जिला निर्देशक नियुक्त किया गया। प्रा राजेश बालसराफ जिन्हें केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया। और सेवानिवृत्त आयोजक डॉ. प्रोफेसर अनीस बेग को उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित प्रा प्रवीण ठाकरे, प्रा. गजानन जुमडे, प्रा. दुर्योधन नोकरकर, प्रा. गणेश हटवार, प्रा. सुदर्शन शिंदे, प्रा.अरविंद राठोड़, प्रा. रीतेश निमसडे, प्रा रवीन्द्र लांबट ने अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं। प्रा.जयंत ढगले ने अपने अध्यक्षीय भाषण में




सत्कारमूर्ति के कार्यों की समीक्षा की। और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रोफेसर अभिजीत डाखोरे ने सत्कार मूर्ति के काम को शुभकामना दि। इस मौके पर सत्कार को जवाब देते हुए सत्कार मूर्ति ने राय व्यक्त की, कि इस कार्यक्रम से उन्हें नई ऊर्जा मिली है। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रा. नितिन कोलारकर, प्रा. सचिन किन्हेकर ने अथक प्रयास किये।

# 2 दशकों में 292 किसानों ने की आत्महत्या

## > 169 मामलों में परिजनों को मिलेगी मदद, 123 मामले अपात्र

**गोंदिया :**

जिलाधीश कार्यालय में रिकार्ड है कि लगातार अकाल और कर्म के कारण जिले में दो दशकों में 292 किसानों ने आत्महत्या की है. इन किसान परिवारों को सरकार की ओर से 1 लाख तक की सहायता दी जाती है. लेकिन, इनमें से सिर्फ 169 किसान परिवारों को ही मदद मिल सकी. विभिन्न कारणों से 123 किसान परिवारों को अपात्र घोषित कर दिया गया. जिले में किसानों को लगातार नई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है. अतिवृष्टि, अकाल, कृषि उपज के लिए समर्थन मूल्य और बाजार मूल्य की कमी जैसे कई कारणों से किसान परेशान हैं. इस बीच जिले में किसान आत्महत्या की दर में भी वृद्धि हुई है. 2005 से नवंबर 2024 के बीच जिले में 292 किसानों ने आत्महत्या की. कुछ ने फांसी लगा ली, कुछ ने जहर खा लिया, कुछ कुओं और तालाबों में कूद गए. अकाल, प्रकृति की अनिश्चितता, बोई गई फसल का अपेक्षित मात्रा में घर न आने की संभावना, वित्तीय उथल-



### आत्महत्या को लेकर सिर्फ राजनीति

इस बीच सरकार आत्महत्या करने वाले पीड़ित परिवार को 1 लाख की आर्थिक मदद देती है. इन 20 सालों में सरकार ने 169 पात्र किसान परिवारों को 1 करोड़ 69 लाख की सहायता दी है. शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार ने वर्ष 1996- 97 से आत्महत्या पीड़ितों के परिवारों को 1 लाख रु. देना शुरू किया. इसके बाद कई सरकारें आई और गई, लेकिन किसानों की आत्महत्या को लेकर सिर्फ राजनीति ही हुई. आज भी एक लाख ही देते हैं. इसे बढ़ाने की जरूरत है.

पुथल, बैंक कर्ज का बढ़ता पहाड़, बच्चों की शिक्षा, विवाह, स्वास्थ्य आदि किसानों को चिंतित करते हैं. ऐसे ही चक्रव्यूह में फंसा किसान आत्महत्या जैसा कदम उठा लेता है. आत्महत्या समस्याओं का समाधान नहीं है लेकिन थका हुआ किसान साहसी बनने का प्रयास नहीं करता है.

### किसानों की आत्महत्याओं पर एक नजर

पिछले दो दशकों में किसानों द्वारा की गई आत्महत्याओं की संख्या पर नजर डालें तो 2005 और 2013 में 6-6, 2006 में 22, 2007 में 19, 2008 में 18, 2009 में 12, 2010 में 22, 2011 में 13, 2012 में 10, 2013 में 18, 2014 में 17, 2015 में 31, 2016 में 31, 2018 में 17, 2019 में 10, 2020 में 8, 2021 में 16, 2022 में 7, 2023 में 5 व 2024 में नवंबर माह तक 4 किसानों ने आत्महत्या की है. हालांकि किसानों की आत्महत्या के कई कारण है, लेकिन सरकार अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई है. यदि परिवार के मुखिया की मृत्यु होती है तो उसके परिवार को बहुत कष्ट उठाना पड़ता है. समय-समय पर परिवारों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है.

# पंचायत कार्यालय का कामकाज रामभरोसे

## पहले ही दिन कार्यालय में सन्नाटा, अधिकारियों की मनमानी

**सालेकसा.**

अति संवेदनशील, नक्सलग्रस्त महाराष्ट्र अंतिम छोर पर बसे मध्यप्रदेश तथा तहसील आजादी के 75 साल बाद भी अनेक सुविधाओं से वंचित है. इस तहसील के पंचायत समिति कार्यालय में हमेशा ही अधिकारी व कर्मचारी समय पर नहीं पहुंच रहे है. सालेकसा तहसील यह सरकारी कार्यालय जिला मुख्यालय से 40 किमी. दूर होने के कारण यहां अधिकारियों की मनमानी हमेशा ही देखने को मिलती है. सोमवार को भी यहां के पंचायत समिति के अधिकारी दोपहर 12.30 बजे तक अपने कार्यालय नहीं पहुंचे थे.




यहां के पंचायत समिति कार्यालय का कामकाज रामभरोसे चल रहा है. सालेकसा तहसील में 92 गांव में 41 ग्राम पंचायत तथा 1 नगर पंचायत का समावेश है. सालेकसा तहसील कार्यालय में अधिकारी व कर्मचारी सोमवार को दोपहर 12.30 बजे तक नहीं पहुंचे थे. जिससे कार्यालय विरान नजर आ रहा था सोमवार यह सप्ताह का प्रथम दिन होने के कारण कामकाज के साथ-साथ तहसील में बाजार का दिन रहता है. जिससे दूर दराज के लोग यहां अपने अनेक कामों के लिए पंचायत समिति के कार्यों के लिए पहुंचते हैं. लेकिन अधिकारियों की अनदेखी के कारण लोगों को खाली हाथ ही बैरंग लौटना पड़ता है. गृट विकास अधिकारी एस.जी. पुरी की राह देखने के बाद भी अपने कार्यालय में नहीं पहुंचे जिससे अनेक नागरिकों को आखिर परेशान होकर घर लौटना पड़ा.

### नागरिकों का अधिकारियों पर आरोप: नहीं देते जानकारी

नागरिकों का आरोप है कि उनसे मिलने कार्यालय में आने के बाद ठीक-ठाक से जानकारी भी नहीं देते हैं. कभी-कभी उनसे संपर्क करने पर संपर्क भी नहीं हो पाता. अधिकारियों की कार्यालय में अनुपस्थिति का कनिष्ठ कर्मचारी भी दुरुपयोग कर रहे हैं. अनेक अधिकारी, कर्मचारी गोंदिया, आमगांव, नागपुर, भंडारा, तिरोड़ा से अप- डाउन करते हैं. जिसके कारण वे दोपहर 12 बजे अपने कार्यालय पहुंचते हैं तथा दोपहर 3 से 4 बजे के बीच अपने कार्यालय से वापस घर लौट जाते हैं. कभी-कभी छुट्टी के नाम पर मीटिंग का बहाना बना कर दिन भर गायब रह कर सरकार को चूना लगाने का कार्य कर रहे हैं.

## भैयाजी महाराज की और से रचित प्रार्थना स्तोत्र पर प्रवचन सप्ताह का शुभारंभ

**सौंसर.** पुरानी नगर पालिका के पास स्थित मातोश्री केसरबाई चांडक भवन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्रह्मलीन परम पूजनीय भैयाजी महाराज ताज आनंद आश्रम, सावंगी द्वारा रचित अध्यात्मिक प्रार्थना स्तोत्र पर आधारित प्रवचन सप्ताह का शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम का आरंभ 20 दिसंबर को कलश पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर शालिनी दामोदर जी बुधालिया, विश्वस्त, ताज आनंद आश्रम सावंगी की प्रमुख उपस्थिति रही। प्रवचन सप्ताह में प्रवचनकार हरिभक्त परायण एकनाथ जी गोलकर महाराज आलंदी ने भैयाजी महाराज द्वारा रचित ओवी "कायवानु मी पामर, निर्गुण नी निराकार! ब्रह्मा विष्णु महेश्वर, पारन पावती तया च्या!!" की व्याख्या करते हुए गुरु की महिमा और उनके आध्यात्मिक ज्ञान पर प्रकाश डाला। यह प्रवचन सप्ताह 20 दिसंबर से 26 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें प्रवचन प्रतिदिन सुबह 10:00 से 12:30 बजे और शाम 6:00 से 9:00 बजे तक आयोजित होंगे।

# मध्यप्रदेश में बौद्ध विहारों को मिलेगी बुद्ध की प्रतिमाएं

> समाज में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित हुए बागड़े



**सौंसर.** सिहोरा में थायलंड,श्रीलंका वेयतनाम, आदि बुद्धिस्ट देशों से प्राप्त हुई 151 बुद्ध मूर्ति वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में थाईलेंड के पूज्य भंदत बुंनली महाथेरो,भदत खामसिंग थेरो,पूज्य भदत विनाचार्य नईदिल्ली,शीलरक्षित महाथेरो,पूर्व मंत्री विधायक नितिन राउत, प्रो जोगेंद्र कवाड़े, शिक्षण महर्षी सुरेश गायकवाड़, कार्यक्रम आयोजक नितिन गजभिए, स्मिता वाकड़े, नरेश महाजन आदि थे। आयोजन में महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ साथ मध्यप्रदेश सौसर, छिंदवाड़ा बैतूल सिवनी बालाघाट पांढुरना के बौद्ध विहारों के लिए बुद्ध मूर्तियों म वितरण किया गया। आयोजन में भिक्खु संघ के हस्ते व्यापारी संगठन के अध्यक्ष दिलीप बागडे एवं बौध्द नवयुवक युवती सम्मेलन समिति सौसर अध्यक्ष मुकेश बागड़े को सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक क्षेत्र के साथ में बुद्ध बाबा साहब के मिशन को आगे बढ़ाने के लिए किये जा रहे कार्य पर इंडो एशियन मेत्ता फाउंडेशन, इंडिया अहिल्याबाई होलकर बहुउद्देशीय शिक्षण संस्था की ओर से धर्मदूत अवार्ड से सम्मानित किया गया। धम्मदूत अवार्ड से सम्मानित होने पर जिला भारतीय बौध्द महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रभान बागडे, जिला अध्यक्ष डॉ अशोक भगत, मुरलीधर कामले, देवेंद्र बागडे, बुद्ध धम्म प्रचार समिति अध्यक्ष डॉ वाय एल ठवरे, लता नागदवने, देवेंद्र बागड़े, लष्मीदास बोरकर, मिलीद बंसोड़, सिद्धार्थ, सोमकुवर ,विजय नागदवने, कैलाश गजभिए, अरविंद बंसोड़, द्वारा स्वागतकर मंगलकामनाएं दि।




## सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**सौंसर.** मोहगांव नगर के पट मैदान, वार्ड नंबर 5 में सीएम राइस स्कूल निर्माण को लेकर नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सौसर एसडीएम महोदय और नगर पालिका मोहगांव हवेली के सीएमओ को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में मांग की गई है कि सीएम राइस स्कूल का निर्माण नगर के विकास और बच्चों की शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण होगा। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से पांडुरंग बावनकर, अनिल वांजरी, अंकुश उइके, पंकज घाटोड़े, रवी गावंडे, श्याम नासरे, मंगेश भूते, अक्षय भांगे, करामात शैख, विकी कामडे, कोमल बावनकर, सीताराम बावनकर, कपिल फरकसे, भूषण बुरुजवाड़े, मुन्ना साहू, विनोद रोकड़े, दुर्गेश उईके आदि शामिल थे। कार्यकर्ताओं ने नगर में शिक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए इस स्कूल के निर्माण की आवश्यकता को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने उम्मीद जताई कि एसडीएम और सीएमओ इस मांग को गंभीरता से लेंगे और जल्द ही स्कूल निर्माण की दिशा में कदम उठाएंगे।

# कई बीमारियों से जूझ रही महिलाएं

> 4,42,257 महिलाओं की जांच कर किये आवश्यक परीक्षण

**गोंदिया.**

जिला स्वास्थ्य प्रशासन की ओर से कराए गए सर्वे में फिर यह बात साबित हो गई कि हमेशा अपने घर और परिवार के सदस्यों का ख्याल रखने वाली महिलाएं अपनी सेहत की ओर नजरअंदाज करती नजर आती हैं. जिले की 4,42,257 महिलाओं की जांच कर आवश्यक



प्रयोगशाला परीक्षण किए ग गए. एनीमिया, 17,623 महिलाओं को उच्च रक्तचाप, 9,428 महिलाओं को मधुमेह और 3,180 महिलाओं को थायराइड समस्या है. बदलती जीवनशैली के कारण कई लोगों में थायराइड की बीमारी बढ़ती जा रही है. यह बीमारी खासकर महिलाओं में आम हो गई है. पुरुषों की तुलना में यह बीमारी महिलाओं में अधिक है. महिलाएं पुरुषों से ज्यादा कार्य करती हैं. उन पर काम की जिम्मेदारियां भी ज्यादा होती हैं. मासिक धर्म और गर्भावस्था के कारण उनमें हार्मोन्स परिवर्तन होते हैं. इसलिए यह महिलाओं में अधिक आम है. गर्भवती महिलाओं में और प्रसव के बाद 44.3 प्रश. महिलाओं को पहले 3 महीनों के दौरान थायराइड की समस्या होती है. थायरॉयड ग्रंथी गले के क्षेत्र में स्थित होती है और बहुत छोटी होती है. हालांकि, यह शरीर को स्वस्थ रखने और कई बीमारियों से बचाने में अहम भूमिका निभाता है. अगर यह ग्रंथी अधिक या धीमी गति से काम करती है तो दोनों अवस्था में परेशानी होती है. जब थायराइड की समस्या होती

है तो शरीर में एक नहीं बल्कि कई लक्षण दिखाई देते हैं. तरह-तरह की समस्याएं सामने आती हैं. शहरी और ग्रामीण इलाकों में थायराइड की एक नई समस्या सामने आई है. 3 हजार 180 महिलाओं में से 1 हजार 972 महिलाएं हाइपोथायराइड और 1 हजार 208 महिलाएं हायपरथायराइड पाई गई.

**थायराइड के लक्षण**

अगर वजन अचानक से बढ़ रहा हो तो थायराइड होने की संभावना होती है. भोजन खाने पर कुछ प्रोटीन या ऊर्जा नहीं मिलती है, तो इसका शरीर पर अच्छा प्रभाव पड़ने की संभावना कम है. शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्वों की कमी के कारण बाल झड़ने लगते हैं. थायराइड की बीमारी होने पर ऐसी महिलाओं को अनियमित पीरियड् की समस्या होने लगती है. यदि किसी महिला का मासिक धर्म 28 दिन का हो तो वह 40 दिन का हो जाता है. चेहरे और आंखों की सूजन, कब्ज थायराइड का एक लक्षण है.




## परभणी घटना पर बौद्ध संगठनों ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**सौंसर.** गुरुवार को बौद्ध समाज के विभिन्न संगठनों ने महाराष्ट्र के परभणी में हुई घटना के विरोध में सौसर तहसील कार्यालय परिसर में एक रैली निकाली और नारेबाजी करते हुए महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की गई। भारतीय बौद्ध महासभा, राजरत्न अंबेडकर, बुद्ध धम्म प्रचार समिति, बौद्ध नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन सौसर, भीम आर्मी, बसपा, बामसेफ, रमाबाई अंबेडकर महिला मंडल, सुजाता महिला मंडल संजय नगर जैसे संगठनों ने इस ज्ञापन को सौंपा।

ज्ञापन में यह आरोप लगाया गया कि महाराष्ट्र के परभणी में कुछ सामाजिक तत्वों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना को तोड़ा और बौद्ध समाज के अधिकारों का उल्लंघन किया। इस घटना के बाद विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पुलिस ने बर्बरता से लाठीचार्ज किया, जिसमें निर्दोष भीम सैनिक सोमनाथ सूर्यवंशी की मौत हो गई। संगठनों ने कहा कि पिछले 10-12 वर्षों से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और बौद्ध समाज पर लगातार अन्याय और अत्याचार हो रहे हैं, और डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के साथ अवमानना की जा रही है।

